न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

प्रकरण सख्या : 108/2020

कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह जाति राजपूत निवासी रेनगढ़ तहसील मांगरोल
हाल निवासी ग्राम बन्या तहसील खानपुर जिला झालावाड़

.......वादनी

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....प्रतिवादी

वाद अन्तर्गत धारा 88, 89 आर0टी0एक्ट0

पीठासीन अधिकारी : श्री शत्रुघ्न सिंह गुर्जर (आरएएस)

वकील वादनी : श्री महेन्द्रसिंह हाडा

दायरा दिनांक: 22.10.2020 निर्णय दिनांक : 21.10.2021

प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शामलाती खाते की आराजी खाता संख्या 99 खसरा नं0 84 रकबा 1.82 है0 कुल किता 1 कुल रकबा 1.82 है0 वाके ग्राम रेनगढ़ तहसील मांगरोल में स्थित है। जिसमें वादनी का नाम कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह के स्थान पर सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह दर्ज हो रहा है। जबकि वादनी का वास्तविक नाम कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह है। जिसको वादनी सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह के स्थान पर कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह दुरूस्त करवाने का कानूनी अधिकारी है। वादनी का नाम अन्य दस्तावेज आधार कार्ड, पेनकार्ड, भामाशाह कार्ड बैंक खाते आदि में कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह दर्ज हो रहा है। इसलिए अपना नाम राजस्व रेकार्ड में सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह के स्थान पर कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह दर्ज करवाने की घोषणा करवाने की अधिकारी है। अतः उक्त विवादित आराजी के राजस्व रेकार्ड में वादनी का नाम सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह के स्थान कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह दुरूस्त किया जाकर प्रतिवादी को राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद करने के आदेश दिये जावें।

उक्त आशय का वाद प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 22.10.2020 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार मांगरोल को जांच रिपोर्ट हेतु लिखा गया। तहसीलदार मांगरोल से प्राप्त रिपोर्ट क्रमांकः–राजस्व/2020/678 दिनांक 17.12.2020 के जिसके अनुसार सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह जाति राजपूत को कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह जाति राजपूत के नाम से भी जाना पहचाना जाता है। उपस्थित व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि उक्त दोनो नाम एक ही महिला के है अन्य अलग–अलग नही है। दोनो नाम से उक्त महिला सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह जाति राजपूत व कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह जाति

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज०)

Scanned by CamScanner

पूत एक ही महिला के नाम है। अतः राजस्व रेकार्ड में उक्त का नाम सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह के स्थान पर कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह सा0 देह दर्ज किया जाना उचित है।

अतः पत्रावली के अवलोकन, तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) जो राज्य सरकार का पैरोकार है की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजो तथा बयान गवाहान वादनी स्वयं व भंवरसिंह पुत्र नन्दसिंह जाति राजपुत निवासी रेनगढ़ के आधार पर आराजी खाता संख्या 99 खसरा नं0 84 रकबा 1.82 है0 कुल किता 1 कुल रकबा 1.82 है0 वाके ग्राम रेनगढ़ तहसील मांगरोल की राजस्व जमाबंदी में दर्ज वादनी का नाम सजनकंवर पुत्री नन्दसिंह जाति राजपूत के स्थान पर सजनकंवर उर्फ कुसुम कंवर पुत्री नन्दसिंह जाति राजपूत दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है, एवं इसके साथ–साथ यदि वादनी के पुराने नाम को लेकर किसी प्रकार के कोई आपराधिक या अन्य विवाद न्यायालय जैरकार हो उसके लिए वादनी स्वयं जिम्मेवार होंगा। पत्रावली फैशल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 21.10.2021 को प्रशासन गावों के संग अभियान–2021 कोर्ट केम्प महलपुर मजमेंआम में सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी
(शत्रुघ्न सिंह गुर्जर)
जिला बारां (राज0)
उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल

Scanned by CamScanner